छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा   चतुर्थ सत्र   अंक-01

रायपुर, सोमवार, दिनांक 02 मार्च, 2015

(फाल्गुन 11, शक संवत् 1936)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

2. राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई।

माननीय राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

(राष्ट्रगान जन गण मन की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान जन गण मन की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

3. राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री तोखन साहू, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।

श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 10 एवं 11 मार्च, 2015 की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर मंगलवार, दिनांक 03 मार्च, 2015 को अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

4. कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

माननीय अध्यक्ष ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक सोमवार, दिनांक 2 मार्च, 2015 की निम्नांकित सिफारिशों से सदन को अवगत कराया :-

समिति द्वारा निम्नलिखित वित्तीय कार्य हेतु समय निर्धारित किया गया :-

1. वित्तीय वर्ष 2014-2015 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन मंगलवार, दिनांक 3 मार्च, 2015 को किया जाएगा तथा बुधवार, दिनांक 4 मार्च, 2015 को तृतीय अनुपूरक अनुमान की अनुदान मांगों पर चर्चा, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, विचार एवं पारण हेतु 3:00 घंटे का समय निर्धारित किया जाता है।

2. वित्तीय वर्ष 2015-2016 के आय-व्ययक का उपस्थापन शुक्रवार, दिनांक 13 मार्च, 2015 को दोपहर 12:30 बजे किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा सोमवार, दिनांक 16 मार्च एवं मंगलवार, दिनांक 17 मार्च, 2015 को रखी जाएगी तथा मंत्रियों के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा बुधवार, दिनांक 18 मार्च से गुरूवार दिनांक 26 मार्च, 2015 तक होगी।

   अनुदान मांगों पर चर्चा हेतु निम्नानुसार समय का निर्धारण किया गया है :-

(1)	डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री	-	03 घंटे
(2)	श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री	-	03 घंटे
(3)	श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री	-	03 घंटे

(4)	श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री	-	03 घंटे
(5)	श्री अमर अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री	-	03 घंटे
(6)	श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, राजस्व मंत्री	-	03 घंटे
(7)	श्री राजेश मूणत, लोक निर्माण मंत्री	-	03 घंटे
(8)	श्री केदार कश्यप, आदिम जाति विकास मंत्री	-	03 घंटे
(9)	श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री	-	02 घंटे 30 मिनट
(10)	श्रीमती रमशिला साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री	-	02 घंटे 30 मिनट

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि शनिवार, दिनांक 21 मार्च, 2015 को भी सभा की बैठक होगी तथा उस दिन वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी।

बुधवार, दिनांक 18 मार्च, 2015 से शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च, 2015 तक भोजन अवकाश नहीं होगा तथा इस अवधि में सभा की बैठकें रात्रि 7.00 बजे तक अथवा आवश्यकतानुसार समय में और वृद्धि की जा सकेगी।

श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि सदन कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

5. सदन को सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि- समस्त माननीय सदस्यों हेतु आज सोमवार, दिनांक 2 मार्च, 2015 को प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शांति सरोवर, विधान सभा मार्ग, सड्डू, रायपुर में ब्रहमा भोजन आयोजित है।

आप सभी माननीय सदस्यों से आग्रह है कि सदन की बैठक स्थगित होने के पश्चात उक्त भोज में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

पूर्वाह्न 11.59 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 03 मार्च, 2015 (फाल्गुन-12, शक संवत् 1936) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा